**@shahjahanpurpol**

**प्रेस नोट-सराहनीय कार्य 08.05.2023**

**थाना जलालाबाद पुलिस को मिली कामयाबी,**

**अंतर्राष्ट्रीय बाजार मे 25 लाख रूपये कीमत की 250 ग्राम अफीम व 05 किलो डोडा के साथ मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार।**

श्री एस.आनन्द, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु श्री संजीव कुमार बाजपेयी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व श्री अजय कुमार राय क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के कुशल निर्देशन एवं श्री प्रवीन सोलंकी प्रभारी निरीक्षक थाना जलालाबाद के नेतृत्व में थाना जलालाबाद पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी।

दिनांक 07.05.2023 को थाना जलालाबाद पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वाछित अपराधी में गश्त के दौरान कलक्टरगंज चौराहा से नयागांव गुलडिया को जाने वाले रास्ते पर बने रिफाइन्ड के गोदाम के पास से समय करीब 22.00 बजे अभियुक्त बृजपाल पुत्र सिकदार सिंह वर्मा निवासी ग्राम कूरावण्डा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को , 250 ग्राम अफीम व 05 किलो डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना जलालाबाद पर मु0अ0सं0 319/2023 धारा 8/15/18 NDPS Act बनाम बृजपाल पुत्र सिखदार सिंह निवासी ग्राम कूरावण्डा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

1- बृजपाल पुत्र सिकदार सिंह वर्मा निवासी ग्राम कूरावण्डा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

1- 250 ग्राम अफीम।
2- 05 किलो डोडा

**विवरण पूछताछः-**

अभियुक्त बृजपाल से पूछताछ की गयी तो बताया कि हमारे आस पास के गांवों में कुछ किसान अफीम व डोडा की खेती करते है , जो कुछ अफीम व डोडा बचा लेते है। मैं उसे सस्ते दामों में खरीद लेता हूं तथा उनकी छोटी -छोटी पुडिया बनाकर आस पास के गांवों में तथा हाईवे के किनारे बने होटल/ढाबों व पंजाब की तरफ जानें वाले ट्रक ड्राईवरों को बेच देता हूं। जिससे मुझे अच्छा मुनाफा हो जाता है। मैं आज बेचने जा रहा था , तभी पकडा गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रवीन सोलंकी थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर।

2. उ0नि0 श्री रामलखन  थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर ।
3. का0 2206 पवन मौर्या  थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर ।
4. का0  2534 आशीष कुमार थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर ।
5. का0 1741 विपिन पुनिया थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 333 रणवीर  थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर ।
7. का0 2094 आकाश राठी  थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर ।
8. का0 2662 मोहित  थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर
9. का0 2534 आशीष  थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर
10. का0 1740 धर्मवीर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर